अब इंदौर में होगा वीमन एम्पॉवरमेंट का 'फ्लो'

फिक्की लेडिज ऑर्गेनाइजेशन का प्रदेश का पहला चैप्टर शहर में हुआ लॉन्च

इंदौर. एक वीमन होने के नाते हमारी ड्यूटी बनती है कि हम दूसरी वीमन को भी इम्पॉवर करें। देश की आधी आबादी यदि फाइनेंशियली और इमोशनली स्ट्रॉन्ग होगी तो देश भी तेजी से तरक्की कर पाएगा। यह बात कही फिक्की लेडिज ऑर्गेनाइजेशन की नेशनल प्रेसिडेंट नीता बूचरा ने। बुधवार को फिक्की फ्लो के इंदौर चैप्टर के इनॉग्रेशन के मौके पर उन्होंने यह बात कही।

इंदौर में यह ऑर्गनाइजेशन का 11वां चैप्टर है, जबकि प्रदेश का यह पहला चैप्टर है। कार्यक्रम में ऑर्गनाइजेशन की लास्ट प्रेसिडेंट आभा डालमिया, शुभ्रा गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट विनिता बिमभेट और एक्जीक्युटिव डायरेक्टर डॉ.मंजू कालरा प्रकाश की उपस्थिति में आरती सांघी को इंदौर चैप्टर की पहली अध्यक्ष घोषित किया गया।

बिजनेस की राह होगी आसान

नीता ने बताया वीमन एंटरप्रीन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए हम ग्रास, मिडिल और सीनियर तीनों लेवल पर काम कर रहे हैं। ग्रूमिंग स्किल्स बढ़ाने और इंडस्ट्री की रिक्वायरमेंट को समझते हुए हम बिजनेस की राह आसान बनाने की कोशिश करते हैं।

ईजी एटमॉसफियर करते है क्रिएट

मंजू कालरा ने बताया कि वीमन एंटरप्रीन्योरशिप के साथ ही उनकी सिक्योरिटी और एम्पॉवरमेंट के लिए भी काम कर रहे हैं। हम किसी एनजीओ की तरह काम नहीं करते बल्कि एक ईजी एटमॉसफियर क्रिएट कर देते हैं ताकि महिलाएं झिझक छोड़कर अपने हुनर का सही उपयोग कर सकें।

जोड़ेंगे एंटरप्रीन्योरशिप से

इंदौर चैप्टर की प्रेसिडेंट आरती सांघी ने कहा कि इंदौर में हम ग्रास लेवल पर महिलाओं को एंटरप्रीन्योरशिप से जोड़ने के लिए सेमिनार कंडक्ट करवाएंगे, जबकि मिडिल और सीनियर लेवल की एंटरप्रीन्योर वीमन को लेटेस्ट अपॉर्च्युनिटी का यूज कर बिजनेस को आगे बढ़ाने के तरीके बताएंगे।

कनेक्टिविटी का प्लेटफॉर्म

मंजू कालरा ने कहा कि यह चैप्टर इंदौर की वीमन के लिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म होगा, जहां वे अपने सपनों को पंख दे पाएंगी। हमारी टीम नेटवर्किंग के जरिये उनके बिजनेस और आइडियाज को आल इंडिया लेवल पर कनेक्ट कर देगी। फिर वे जिन शहरों में बिजनेस को फैलाना चाहे फैला सकेंगी।